
Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

| | |
|---|---|
| Recruitment | Entertainment & Event |
| Property | Hobbies & Interests |
| Business Opportunity | Services |
| Vehicles | Jewellery & Watches |
| Announcements | Music |
| Antiques & Collectables | Obituary |
| Barter | Pets & Animals |
| Books | Retail |
| Computers | Sales & Bargains |
| Domain Names | Health & Sports |
| Education | Travel |
| Miscellaneous | |

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# नैनी झील हुई इतनी साफ दिखने लगीं मछलियां

**लॉकडाउन**

## नैनीताल और भीमताल समेत आसपास की झीलों का पानी करीब ३० फीसदी तक हुआ साफ

- झील की सेहत के लिए सकारात्मक संकेत माना जा रहा है
- झील का जल स्तर भी 4 फीट तक बढ़ गया है



**संवाददाता**

नैनीताल। कोरोना के डर को कुछ समय के लिए भूल जाइए और प्रकृति की खूबसूरती का अहसास कीजिए। जो अब तक नहीं हुआ वह अब होता दिख रहा है। कोरोना के चलते लॉकडाउन के कारण नैनीताल और भीमताल समेत आसपास की सभी झीलों का पानी करीब 30 फीसदी तक साफ हो गया है। झील के अंदर अब मछलियां साफ दिखाई दे रही हैं। इसे झील की सेहत के लिए सकारात्मक संकेत माना जा रहा है।

लॉकडाउन की वजह से इन दिनों नैनीताल में गाड़ियों का संचालन और यहां आने वाले पर्यटकों की संख्या ना के बराबर है। सालभर यहां पर्यटक समेत बाहर से आने वाले लोगों की रहने वाली आमद भी शून्य है। लॉकडाउन के चलते झील के चारों तरफ स्थित होटलों और लॉज से निकलने वाला पानी और कूड़ा जो नैनी झील में जाता था उसमें रोक लगी हुई है।

**आजादी के बाद पहली बार इतना साफ पानीः** जानकारों का मानना है कि आजादी के बाद नैनी झील पहली बार इतनी साफ देखी गई है। इस बार नैनी झील का जलस्तर भी लॉकडाउन के चलते शहर में पसरे सन्नाटे से बीते साल के मुकाबले करीब 4 फीट बढ़ा हुआ है। यह साफ है कि आने वाले समय में नैनीताल वासियों को पीने के पानी की किल्लत नहीं होगी। वहीं नैनी झील के जल की गुणवत्ता की बात करें तो पीएच और खारेपन में भी खासी कमी दर्ज हुई है।

**जल के पीएच लेवल में भी आया सुधारः** जल संस्थान के अधिकारियों के अनुसार, पानी का पीएच लेवल में काफी सुधार आया है। पहले नैनी झील के पानी का पीएच लेवल 8.50 मिलीग्राम्धलीटर था, जो अब 7.9 मिलीग्राम्धलीटर हो चुका है। पानी के खारापन में भी इस दौरान काफी अंतर आया है।

**पानी का खारापन भी हुआ दूर**

पहले पानी की खारेपन 390 मिलीग्राम प्रति लीटर थी, जो अब 350 ग्राम प्रति मिलीलीटर है। पानी में टीडीएस (टोटल डिसॉल्व सॉलिड) की मात्रा पहले 450 एमएमटी था, जो अब 350 रह गई है। लॉकडाउन से पहले झील के पानी में बैक्टीरियल इंफेक्शन की मात्रा 6500 मिलीग्राम्ध लीटर थी, जो अब 4200 रह गई है। झील में ऑक्सीजन की मात्रा भी बढ़ने लगी है।

## न्यूज डायरी

### कैंसर से जूझ रहा है क्षेत्र का युवा

**संवाददाता** पिथौरागढ। सीमांत तहसील डीडीहाट के वार्ड निवासी युवा गिरीश कुमार लंबे समय से कैसर जैसी महा बीमारी से जूझ रहा है। पीडित युवक की परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण क्षेत्र के लोगों ने आपस मेंचंदा इकटठा करके युवक के परिवार वालोंको साठ हजार रूप्ये की मदद देकर इलाज के लिए सुशीला तिवारी हल्द्वानी भेजा । युवक गिरीश कुमार की उम्र 30 साल है। बता दें कि वे लंबे समय से कैसर से जूझा रहा है। जानकारी के मुताबिक युवक का इलाज दिल्ली के राजीव गांधी अस्पताल में चल रहा था। बता दें कि उसके इलाज में परिवार की सारी जमा पुजी खर्च हो चुकी है। वही गिरीश ही परिवार का एकमात्र कमाउ सदस्य था । कैसर जैसी महामारी से ग्रसित होने केकारण उसके परिवार पर खर्चे का अतिरिक्त भर पड रहा है। बता दें कि गिरीश केपिता की मौत हो चुकी है।

### पाखू में भारी ओला व्रष्टि से नुकसान

**संवाददाता** पिथौरागढ। पिछले एक सप्ताह से मुख्यालय के क्षेत्रीय इलाके पाखू में भरी बारिस व ओलाव्रष्टि के चलते क्षेत्र के लोगों की फसल व सब्जी को भरी नुकसान पहुंचा है। बता दें कि गांव के काश्तकारों की बडे आकार की गेहूं की फसलां व सब्जियों पर भारी ओलाव्रष्टि के चलते काफी नुकसान झेलना पडा है। पाखू क्षेत्र के लोगों की मेहनत बरबाद होने के समाचार मिले है।

### मुख्यमंत्री राहत कोष में दिए पांच लाख 21 हजार रुपये

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना वायरस कोविड 19 संक्रमण के चलते हुए लॉकडाउन में इस महामारी से निपटने के लिए वार्ड 36 की पार्षद ने मेयर सुनील उनियाल गामा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत से मुलाकात करते हुए 05 लाख 21 हजार 647 रूपये का चैक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए सौंपा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने मेयर सुनील उनियाल गामा, पार्षद अमिता सिंह, संविदा गुरूंग एवं अनिता गर्ग का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह धनराशि प्रदेश के काम आयेगी और अधिक से अधिक लोगों को राशन व अन्य सामाग्रियां उपलब्ध कराई जायेगी और जितनी ज्यादा धनराशि हासिल होगी उसे राशन वितरण में लगाकर व मरीजों की सेवा में लगाया जायेगा। उन्होंने कहा कि आज के परिवेश में मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। इससे पूर्व वार्ड 36 की पार्षद ने कोरोना वायरस कोविड 19 संक्रमण के चलते हुए लॉकडाउन में वार्ड 36 की पार्षद अमिता सिंह के नेतृत्व में लगातार क्षेत्र के जरूरतमंदों, गरीबों, असहायों एवं मजदूरों को राशन उपलब्ध कराया और वहीं लोगों को सैनिटाइजर के साथ ही साथ मॉस्क वितरित किये।




## श्रमिक दिवस पर कर्मचारियों व मजदूरों को गमछा ओढ़ाकर किया सम्मानित

**संवाददाता** देहरादून। राजधानी में मजदूर दिवस पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह व महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने मुख्य डाकघर में कामगार कर्मचारियों व मजदूरों को गमछा ओढ़ाकर सम्मानित कर श्रमिक दिवस को मनाया। यहां प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता पर इकटठा हुए और वहां पर उन्होंने कामगार कर्मचारियों व मजदूरों को गमछा ओढाकर सम्मानित कर श्रमिक दिवस मनाया। इस अवसर पर प्रीतम सिंह ने कहा कि किसी भी देश की तरक्की उस देश के कामगारों, मजदूर, कारीगर पर निर्भर करती है जो एक मकान को खड़ा करने के लिए मजबूत नींव की महत्वपूर्ण भूमिका होती है ठीक वैसे ही किसी समाज, देश, दउद्योग संस्था एवं व्यवसाय को खड़ा करेन के लिए कामगारों एवं कर्मचारियों की विशेष भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि मजदूरों के कल्याण हेतु एक अलग आयोग बनाया जाना चाहिए जिससे उनका विकास हो सके।

## गर्भवती महिलाओं के लिए कोरोना वारियर्स बने संयुक्त मजिस्टेट डा. गहरवाल

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण के चलते देश व्यापी लाकडाउन के बीच गंगोलीहाट के संयुक्त मजिस्टेट डा सौरभ गहरवाल जिले में गर्भवती महिलाओं के लिए कोरोना वारियर्स बनकर सामने आए है। बता दें कि जिले में दो दिन से डा गहरवाल द्वारा महिला चिकित्सालय में अल्ट्रासाउंड किये गये। वही पहले दिन इनके द्वारा जिले में 56 गर्भवती महिलाओं के अल्ट्रासाउंड किये गये।

बता दें कि देशव्यापी लाकडाउन के चलते जिलेमें दूर दराज से आने आने वाली गर्भवती महिलाओं को डा गहरवाल के प्रयासों से काफी उम्मीदें जगी। जानकारी



के मुताबिक गंगोलीहाट में तैनात संयुक्त मजिस्टेट डा सौरभ गहरवाल प्रशासनिक अधिकारी होने के साथ विशेष एमबीबीएस चिकित्सक भी है। बता दें कि उनके प्रयासों से सीमांत तहसील गंगोलीहाट के सामुदायिक स्वास्थ केंन्द्र को अल्ट्रासाउंड कराने के लिए उनके प्रयासों से शासन से 2009 में मंजूरी मिल चुकी थी। वही प्रत्येक रविवार को निस्वार्थ भाव से उनके द्वारा क्षेत्र में अल्टासाउंड कराये जाते है। जिले के सबसे बडे महिला अस्पताल हरगोविन्द पंत चिकित्सालय में लंबे समय से रेडियोलाजिस्ट का पद खाली चल रहा है।

जिलाधिकारी पिथौरागढ डा विजय कुमार जोगदडे से दो दिन के लिएअनुमति लेने के बाद डा गहरवाल मुख्यालय की गर्भवती महिलाओं के लिए अपने बल पर अल्टासाउंड करने के लिए मौजूद रहे। जानकारी के मुताबिक डा गहरवार द्वारा 30 अप्रैल व 1 मई को दिन के लिए मुख्यालय में आकर सुबह साढे नौ बजे से लेकर दोपहर ढाई बजे तक जिला महिला अस्पताल में करीबन 56 गर्भवती महिलाओं के अल्टासाउंड किये गये। जिले में अल्टासाउंड कराने के लिए आने वाली महिलाओं के लिए डां गहरवाल सच्चे कोरोना वारियर्स के तौर सेवा में जुटे हुए नजर आये।

## मजदूर हितों के लिए व्यापक स्तर पर किया जाएगा संघर्षः कंडारी

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड श्रम कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी पूनम कंडारी ने कहा है कि मजदूरों के हितों के लिए व्यापक स्तर पर संघर्ष किया जायेगा और उन्हें उनके अधिकार प्रदान करने के लिए कार्य किया जायेगा। वहीं लॉकडाउन के चलते हुए मजदूरों को हो रही परेशानी के चलते हुए श्रम कांग्रेस लगातार उन्हें भोजन भी उपलब्ध करा रही है। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि श्रम कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश कौशल व संपूर्ण टीम के साथ मजदूर दिवस को मनाया जाता रहा है लेकिन वर्तमान में कोरोना वायरस कोविड 19 से जहां संपूर्ण विश्व इस महामारी से लड़ रहा है इस समय श्रम कांग्रेस केवल मजदूरों को शुभकामनायें ही देती है।

श्रम कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश कौशल ने जो अपनी संपूर्ण विचारधारा मजदूरों की कड़ी परिश्रम भरी मेहनत की जीवनधारा पर रखते हैं और वह भी संपूर्ण श्रम कांग्रेस के साथ मजदूरों की लड़ाई लड़ने के लिए तत्पर रहते है। उन्होंने कहा कि जो मजदूर अपना पसीना बहाकर हम सबके लिए घर बनाते हैं परन्तु कभी घर नहीं बनता है।